संस्कृत महोत्सव

हमारे विद्यालय में दिनांक 19/8/ 2021से 25/8/2021तक संस्कृत सप्ताह मनाया गया। दिनांक 25 अगस्त को इसके समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में हरियाणा संस्कृत अकेडमी पंचकूला के निदेशक डॉ दिनेश शास्त्री जी मुख्य अतिथि के रुप में पधारे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के वाइस चेयरमैन श्री वी पी यादव जी और हरियाणा शिक्षा बोर्ड सचिव श्री हितेंद्र कुमार जी ने इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।
कार्यक्रम की शुरुआत पत्र- वाचन से की गई जिसमें संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गीता श्लोकोच्चारण बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया तथा संस्कृत भाषा मे 'भवतु भारतम्' गीत गाया। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम से निश्चय ही विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा में काम करने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का समापन मधुर स्मृतियों एवं सुंदर प्रेरणा के साथ किया गया।